समाचार

स्वच्छता महाअभियान अंतर्गत जमीनी स्तर पर वृहद पैमाने में हो रहा सफाई कार्य

(स्लेब हटाकर हो रही नालियों की सतह से सफाई, बर्म, झाड़ी, धूल मिट्‌टी के टीले, सी.एण्ड डी.वेस्ट को हटाया जा रहा)

(सड़क किनारे डम्प वाहनों के कबाड को हटाने के लिए भी चलेगा व्यापक अभियान, दी जा रही संबंधितों को नोटिस)

कोरबा 04 फरवरी 2025 – वर्तमान में शहर में संचालित स्वच्छता महाअभियान में जमीनी स्तर पर व्यापक पैमाने पर सफाई के कार्य किए जा रहे हैं। नालियों के स्लेब हटाकर सतह से सफाई हो रही है, जाम नालियों को खोला जा रहा है, सड़क किनारे की बर्म, झाडियॉ साफ की जा रही है, धूल मिट्‌टी के टीले व सड़कों पर डम्प सी.एण्ड डी.वेस्ट को हटाने की कार्यवाही भी लगातार की जा रही है।

यहॉ उल्लेखनीय है कि निगम प्रशासक व कलेक्टर श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन एवं निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय के दिशा निर्देशन में शहर को साफ–सुथरा बनाने की दिशा में एक ओर जहॉ सडकों के किनारे दीवालों व डिवाईडरों पर सुंदर आकर्षक पेंटिंग, चित्रकारी, थीम आधारित रंगरोगन व फूल–पौधों का रोपण कर सौदंर्यीकरण का कार्य हो रहा है, वहीं दूसरी ओर मेगा स्वच्छता ड्राईव चलाकर वार्ड, बस्तियों, गली, मोहल्लों की सम्पूर्ण सफाई का कार्य भी किया जा रहा है। विगत 25 जनवरी से संचालित इस महाअभियान के तहत प्रतिदिन दो वार्डो में अभियान संचालित कर व्यापक स्तर पर सफाई के कार्य किए जा रहे हैं, प्रातः 07 बजे से निगम का अमला व अधिकारियों की टीम वार्ड व बस्तियों का पैदल भ्रमण कर सफाई का कार्य करा रही है। **आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय** स्वयं बस्ती मोहल्ले की सकरी व तंग गलियों में एक छोर से दूसरे छोर तक पैदल भ्रमण करते हुए सफाई कार्यो का बारीकी से जायजा ले रहे हैं तथा जमीनी स्तर पर वास्तविक रूप से सफाई के कार्य हों, इस दिशा में अधिकारियों को लगातार दिशा निर्देश दे रहे हैं।

डोर–टू–डोर संपर्क, स्वच्छता के प्रति जागरूकता – स्वच्छता महाअभियान का प्रमुख उद्‌देश्य एक ओर जहॉ वार्ड, बस्तियों की सम्पूर्ण सफाई करना है, वहीं दूसरी ओर लोगों को स्वच्छता व

साफ–सफाई के प्रति जागरूक करना एवं निगम के नियमित सफाई कार्यो की वास्तविकता से रूबरू होना भी है। इस दिशा में आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय स्वयं डोर–टू–डोर भ्रमण कर बस्ती, मोहल्ले के रहवासियों से रूबरू होते हैं, उनसे निगम के नियमित सफाई कार्यो की वास्तविक जानकारी लेते हैं, साथ ही बस्ती के लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने, अपने गली मोहल्ले को साफ–सुथरा रखने तथा सड़क, नाली व सार्वजनिक स्थान पर कचरा न डालने का आग्रह भी करते हैं।

कोयला सिगड़ी के धुएं का स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव – स्वच्छता महाअभियान के दौरान स्वयं आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय एवं निगम के अधिकारी कच्चे कोयले की सिगड़ी को जलाने से पैदा होने वाले जहरीले धुएं का स्वास्थ्य पर क्या दुष्प्रभाव पड़ता है, इसकी जानकारी भी लगातार बस्तीवासियों को दे रहे हैं, तथा उनसे आग्रह कर रहे हैं कि वे ईंधन के रूप में कच्चे कोयले का उपयोग कदापि न करें, कच्चा कोयला जलाने से पैदा हुआ जहरीला धुआ, बच्चो, बुजुर्गो, महिलाओं तथा सभी लोगों के स्वास्थ्य पर घातक प्रभाव डाल रहा है, इससे श्वासजनित बीमारियॉ बढ़ रही हैं।

वाहन कबाड हटाने भी चलेगा अभियान – जहॉ तक सड़कों के किनारे डम्प किए गए वाहनों के कबाड एवं अनाधिकृत रूप से लग रहे गुमठी, ठेलों को हटाने का प्रश्न है तो इस दिशा में भी ठोस कार्यवाही करते हुए वाहन कबाड, अनाधिकृत गुमठी, ठेले हटाने का सघन अभियान चलाया जाएगा। सड़कों के किनारे डम्प वाहन कबाड से संबंधित लोगों को नोटिस देकर उन्हें स्वयं हटाने को कहा जाएगा, यदि उनके द्वारा उक्त कबाड नहीं हटाया गया तो निगम उन्हें हटाने की कार्यवाही करेगा तथा संबंधितों पर अर्थदण्ड भी लगाएगा।

सफाई कार्यो पर क्या कहते हैं लोग – कोरबा के महाराणा प्रताप नगर निवासी श्रीमती रेखा जैन कहती बताती हैं कि निगम की डोर–टू–डोर अपशिष्ट संग्रहण की व्यवस्था बहुत अच्छी है, स्वच्छता दीदियॉ अपना रिक्शा लेकर प्रतिदिन उनके गली मोहल्ले में आती है तथा कचरा लेकर जाती है।उन्होने कहा कि निगम इस समय स्वच्छता अभियान चलाकर सफाई का कार्य कर रहा है, जिसका अच्छा प्रभाव भी हमारे वार्ड में दिख रहा है। इसी प्रकार वार्ड क्र. 27 निवासी श्री कैलाश अग्रवाल व सुरेश द्विवेदी ने भी बताया कि स्वच्छता दीदियॉ प्रतिदिन उनके घरों से कचरा ले जाती हैं तथा वे निर्धारित समय पर उनके घर पर पहुंचती है। उन्होने कहा कि निगम का स्वच्छता अभियान एक अच्छा कदम है तथा इससे शहर की स्वच्छता पर सकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है तथा सफाई व्यवस्था सुधर रही है।